# पुलिस ने डम्पर चोरी की वारदात का खुलासा किया, दो आरोपी गिरफ्तार

**रामगंजमंडी** (निसं)। सुकेत पुलिस ने डम्पर चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का डम्पर बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

उक्त जानकारी देते हुए अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण करन शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुकेत द्वारा थाना सुकेत के इलाका क्षेत्र में माईन्स से चोरी हुए डम्पर को बरामद कर 02 अभियुक्त को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की।

मनोज कुमार पुत्र लालचंद जाति जाट (38) निवासी खीमच थाना सुकेत जिला कोटा ने 16 अप्रेल 2024 को उपस्थित थाना होकर एक

■ **चोरी का डम्पर बरामद किया**



**सुकेत पुलिस ने डम्पर चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का डम्पर बरामद करने में सफलता प्राप्त की।**

लिखित तहरीर इस आशय की पेश की कि मेरा एक डम्फर है जिसके रजि. नबंर -05--1283 व चैचिस नम्बर 132200 है तथा रंग सफेद है। जिसको दिनांक 15.04.2024 की रात्रि को माईन्स पर खड़ा किया था। सुबह देखा तो नहीं मिला।डम्पर को आस पास काफी तलाश किया पर कुछ पता नहीं चला। जिसको अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

इत्यादि पर थाना हाजा पर मुकदमा नं 130/2024 धारा 379 भादस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र सिंह के निर्देशन में वृताधिकारी नरेन्द्र कुमार पारीक वृत रामगंजमंडी के सुपर विजन में थानाधिकारी थाना सुकेत रघुवीर सिहं उ.नि. के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कस्बा सुकेत व इलाका थाने में संभावित स्थानों व संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग व नाकाबन्दी प्रारम्भ की गई। विशेष टीम द्वारा अपने पूर्व अनुभव, सीसीटीवी फुटेज, साईबर सैल की मदद व निरंतर व अथक प्रयासों व मुखबीरी तंत्र से चोरी किये गये डम्पर को बरामद कर 02 अभियुक्तों को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की। जिनसे पूछताछ की जा रही है जिनसे अन्य चोरी की वारदातों की खुलने की संभावना है।

आरोपी महावीर पुत्र रामगोपाल जाति भील (22) निवासी उदपुरा थाना सुकेत जिला कोटा, उम्मेद सिंह पुत्र हरलाल जाति भील (34) निवासी उदपुरा थाना सुकेत जिला कोटा। पुलिस कार्यवाही टीम में रघुवीर सिंह उनि थानाधिकारी राकेश शर्मा हैड कानि 483 हरेन्द्र सिंह कानि 815 नवीन कानि 557 सुरेन्द्र कानि 1136 सुरेन्द्र कुमार कानि 492 बुधराम कानि 1047 लाखन कानि एमओबी शाखा नरेन्द्र सिंह कानि 550 एमओबी शाखा कोटा ग्रामीण शामिल थे।

# प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्थान कोटा ने महालक्ष्मी महोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्थान कोटा ने महालक्ष्मी महोत्सव हषोल्लास के साथ मनाया। इस महोत्सव में समाज के सभी घटक जिसमें खंडेलवाल, पोरवाल, मेडतवाल, जैन, चित्तौड़ा सहित सभी 18 घटक के प्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महालक्ष्मी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और महालक्ष्मी की महाआरती की गई, उनकी पूजा अर्चना कर संस्थान को आने वाले समय में आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया। महालक्ष्मी महोत्सव के तहत प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्थान कोटा के संयोजक हुकुम मंगल ने बताया कि इस अवसर पर 56 नए सदस्यों ने संस्था की सदस्यता ली वहीं 73 सदस्यों का महालक्ष्मी महोत्सव के दौरान सम्मान किया गया, जबकी अधिशासी अभियंता आरसी गुप्ता का विशेष सम्मान किया गया।

उन्होंने कहा कि इस दौरान कई विषयों पर सेवारत वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने मंथन किया, जिसमें मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए समाज में जरूरतमंद की सेवा करने का निर्णय किया गया। इसके साथ ही जीव दया और जीव जंतुओं की सेवा के लिए भी संस्थान ने एक राय होकर संकल्प लिया कि हम जहां भी रहते हैं वहां हर परिस्थिति में गर्मी के मौसम में पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था करेंगे, साथ ही पशुओं के लिए पानी की टंकियां भी लगवाएंगे। हुकुम मंगल ने कहा कि इस अवसर पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तय की गई, जिसके तहत सभी ने अपने-अपने क्षेत्र और अपने-अपने संगठन में धार्मिक आयोजनों को प्राथमिकता देने की बात कही।

हुकम मंगल ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से संगठन निरंतर कार्य कर रहा है और आगामी समय में भी वैश्य समाज का योगदान इस राष्ट्रीय निर्माण में रहेगा और जहां भी आवश्यकता होगी वहां सेवा के लिए समाज हमेशा तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि बैठक में कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए, उनके विचारों के आधार पर भी नए प्रकल्पों में युवाओं को आगे बढ़ते हुए उनके अंदर सेवा के भाव उत्पन्न करना साथ ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि एक छोटा पौधा वट वृक्ष बनता है, लेकिन उसकी परवरिश बचपन से ही होती है, ऐसे में हम हमारे परिवार में बच्चों को भी संस्कार बार बनाएंगे इसके लिए अभी से प्रयास किया जा रहा है। मंगल ने कहा कि सभी घटकों ने समन्वय भाव स्थापित करते हुए एकजुटता का परिचय दिया और समाज में बेहतरीन उदाहरण पेश करने का अपना संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पीपी गुप्ता, पंकज खंडेलवाल, महावीर, पुरुषोत्तम चित्तौड़ा, नरसिंह लाल चित्तौड़ा, सुरेंद्र गोयल, एमपी जैन, राजेन्द्र जैन, जीपी गुप्ता, आरएन मित्तल, उमेश कुमार चित्तौड़ा, एसएन विजय, गिरीश गुप्ता, सुनील कुमार, जगदीश गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे



**छीपाबड़ौद** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर परिंडा लगाये गए इस अवसर पर नगर मंत्री रामनिवास मेहरो, दीपक गुर्जर, रामलखन मेहरा, शिवम, कोशल मीणा, श्यामसुंदर मेहरा, मोनू सुमन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं ह्यूमैनिटी सोसाइटी द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए हर घर परिण्डा घर घर परिंदा अभियान चलाया जा रहा है ह्यूमैनिटी सोसाइटी अध्यक्ष वसीम उर्रहमान ने बताया की संस्था संस्था के सदस्य मोहम्मद अजहर ने घर में परिंडे बांधे साथ ही इस मुहिम का हिस्सा बने भुरू भाई और जाहिद भाई ने भी अपने घर पर परिंडे बांधे और लोगो से अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

### आज कई विद्युत आपूर्ति बाधित

**रामगंजमंडी** (निसं)। सुकेत रोड पर 13 मई सोमवार को निर्माणाधीन सड़क के पास की 11 केवी लाईन शिफ्टिंग का कार्य संवेदक द्वारा किया जायेगा। जिस कारण 11 केवी सुकेत रोड चायना टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक बंद रहेगी।उक्त जानकारी देते हुए चौथमल जारवाल सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने बताया कि ऐसे में गरीब नवाज कॉलोनी सुकेत रोड मेन रोड कुदायला पंचायत तक कबीर कुटिया शारदा कॉलोनी, माधोपुर कॉलोनी व 11 केवी सुकेत रोड फीडर से जुडे समस्त कॉलोनियों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।इसके उपरांत 11 के वी फीडर नम्बर 3 की विद्युर्ते आपूर्ति सुबह 02 बजे से दोपहर 04 बजे तक बंद रहेगी।ऐसे में सुविधा नगर ओंकार कॉलोनी पूर्णिमा कॉलोनी भीमशंकर कॉलोनी सुलेख नगर हनुवत खेड़ा ग्राम हनुवतखेडा रोड श्रीराम कॉलोनी गणेश कॉलोनी सिमेंट रोड बाफना पंप के आस पास ऋषभ कॉलोनी व फीडर नम्बर 3 से जुड़े कॉलोनियों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### पत्रकार संघ की कार्यकारिणी गठित

**रामगंजमंडी** (निसं)। जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी(रजि.) रामगंजमंडी (पत्रकार संघ) की नई कार्यकारिणी का रविवार को सर्वसम्मति से गठन किया गया। सोसायटी के दो वर्ष बाद पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। सुकेत रोड़ स्थित सोसायटी के कार्यालय में हुई बैठक में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र जोशी के नाम का प्रस्ताव राजू राठौर ने रखा।जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन करते हुए जितेन्द्र जोशी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया।वहीं महासचिव मनीष जैन उपाध्यक्ष शाकिर मोहम्मद वसीम अहमद कोषाध्यक्ष रवि मेहर जनसम्पर्क अधिकारी साबिर खान कार्यालय प्रभारी युवराज देवड़ा एवं सुनीता यादव राधेश्याम राठौर अंकित गुप्ता व एजाज अहमद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक में निर्वतमान अध्यक्ष बलवीर सोनू मनीष मेवाड़ा मांगीलाल चारण सहित सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। संघ के संरक्षक महेंद्र जैन ने नवनिर्वाचित सदस्यों का मुंह मीठा कर बधाई दी।

### आज जल सप्लाई बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। रामगंजमंडी परियोजना के जल श्रोत्र आम्बाकुई व एकलिंगपुरा घाटा पर पिछले दो दिन से रात्रि में तेज हवा व अंधड़ बारिश व आकाशीय बिजली के कारण लगातार पॉवर सप्लाई में व्यवधान व बार बार पॉवर की ट्रिपिंग होने से पम्प पर्याप्त क्षमता व समय से नही चल रहे है।जिसके कारण जल उत्पादन कम होने से जल सप्लाई प्रभावित हो रही है।रविवार भी सवेरे से बार बार पावर ट्रिपिंग के कारण बार बार पम्पो के बंद चालू करने से हाई प्रेशर के कारण पाइप लाइन में 500 एमएम डीआई पाइप लाइन लीकेज हो गई है।जिसमे अत्यधिक पानी का रिसाव होने से लाइन को बंद करके रिपेयर किया जा रहा है।उक्त पाइप लाइन के लीकेज होने के कारण योजना पर कम पानी आने से 13 मई सोमवार को होने वाली जल सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त जानकारी बलभद्र शर्मा सहायक अभियंता ग्रामीण पीएचईडी ने दी।

### सलोनी का इंस्पायर अवार्ड के लिये चयन

**छबड़ा** (निसं)। मदनलाल भवानीशंकर गुप्त बालिका आदर्श विद्या मंदिर की छात्रा सलोनी यादव का इंसपायर अवार्ड मे चयन होने पर खुषी का इजहार किया। प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रमोद शर्मा ने बताया की षनिवार को उच्च माध्यमिक स्कूल भीमगंज बारां मे जिला स्तरीय इंसपायर अवार्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूलो ने भाग लिया। जिसमे 68 नवाचार मॉडल प्रदर्शित किए। इस अवसर पर निरीक्षण दल द्वारा मॉडलो का निरीक्षण करने के बाद परिणाम घोषित किया गया, जिसमे छात्रा सलोनी यादव का राज्य स्तर पर चयन किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य मनोरमा शर्मा, प्रबंध समिति के सचिव चंद्रप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र सोनी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पारिक, आचार्य शिवचरण गुर्जर, विनोद गौड आदि ने हर्श व्यक्त किया।

### किन्नर का रूप लेकर बधाई लेने पहुंचे दो युवकों को ग्रामीणों ने पीटा

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के रूपारेल गांव में किन्नर का रूप लेकर बधाई लेने पहुंचे दो युवकों को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पडा। ग्रामीणों ने युवको की जमकर पिटाई कर डाली और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बापचा पुलिस ने दोनो को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि रूपारेल गांव में कुछ दिन पूर्व एक घर में षादी हुई थीं। वहां खोपर निवासी दीपक राव व शांकरपुरा निवासी रामस्वरूप कालबेलिया भेष बदलकर बधाई लेने गए थे। दीपक ने किन्नर का रूप ले रखा था। इनके बधाई मांगने के तरीके व रूपए के लिए जिद करने पर ग्रामीणो को इन पर षक हो गया और उनकी मौके पर पिटाई कर ड़ाली। मौके पर पहुंची पुलिस इन्हे ग्रामीणो के कब्जे से छुड़ाकर थाने ले आई। पुलिस ने दोनो को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा आज से

**रावतभाटा,** (निसं)। श्री परमानंद गौशाला जालखेड़ा, लाडपुर में दिनांक 13 मई सोमवार से 19 मई रविवार तक श्रीमद् भागवत कथा गौ सेवार्थ के लिए कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा स्थल गौशाला में ही रखा गया हैं। श्रीमदभागवत कथा का वाचन कथावाचक श्री विष्णु प्रसाद ग्राम सेमली, संडावता, जिला राजगढ़, (मध्य प्रदेश) करेंगे। आयोजन कर्ता में गौशाला कमेटी एवं समस्त ग्रामवासी हैं। प्रतिदिन कथा का समय 12 बजे से तीन बजे तक रहेगा। कलश यात्रा गांव जालखेडा लाडपुर, चारभुजा मंदिर से गौशाला तक पहुंचेगी। सभी भक्तों से अनुरोध हैं, की ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थिति होकर अपने जीवन को सफल मनाएं।

### निरंकारी समर्पण दिवस आज

**बून्दी** (निसं)। संत निरंकारी अनुयायियों द्वारा समर्पण दिवस का आयोजन सोमवार 13 मई को सुबह 10 बजे बाबा हरदेव सिंह मार्ग देवपुरा स्थित निरंकारी सत्संग भवन में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े महेश चांदवानी ने बताया कि समर्पण दिवस युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में मानवता के प्रति समर्पित उनके जीवन को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए मनाया जाता हैं। समर्पण दिवस पर आयेजित इस कार्यक्रम में संयोजक महात्मा गुरमुखदास चांदवानी द्वारा विचार सेवा प्रस्तुत की जाएंगी।

# भामाशाह सम्मान व दिव्यांगजन सशक्तिकरण समारोह-2024 आयोजित



**झालावाड़ में भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।**

**झालावाड़** (निसं)। दिव्यांगजन कल्याणार्थ व दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने व दिव्यांगों के उत्थान के लिए गत 10 वर्षो से निरन्तर कार्य करने वाली सामर्थ्य सेवा संस्थान का सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह रविवार को निजी होटल में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट बोर्ड के महासचिव हारून रशीद के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। संस्थान के संस्थापक चेयरमेन डॉ. रामजी चन्द्रवाल ने संस्था के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि- गत वर्षो से संस्था दिव्यांग बालक-बालिकाओं के लिए शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, शैक्षिक, विकास व खेलकूद सम्बन्धी कौशल विकसित कर खेलों में भागीदारी करवाने दिव्यांगजनों को विशेष शिक्षण प्रशिक्षण देना, सबलीकरण, दिव्यांग अधिकार संरक्षण सशक्तिकरण निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, फिजियोथैरेपी, शिविरों का आयोजन, व्यावसायिक मार्गदर्शन, सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, दिव्यांगों को प्रोत्साहित करने के लिए काउन्सलिंग, स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रम, वृक्षारोपण कार्यक्रम निरन्तर आयोजित होते है, उनमें सहयोग करने वाले भामाशाह करतार सिंह प्रिंसिपल इंन्जिनियरिंग कॉलेज झालावाड, पुखराज जैन, डॉ.आर.के. सिंह समाज सेवी रामगंजमण्डी, एम एस आई स्टोन के डायरेक्टर हाजी मुजीब खान गौतम सर्राफ, डॉ. प्रीति शर्मा साहित्यकार एवं इतिहासकार, सुनील कुमार, सम्पादक दीक्षा दर्पण जयपुर सहित 31 अन्य भामाशाहों का सम्मान किया गया।




**छीपाबड़ौद पुलिस अधीक्षक बारां राजकुमार चोधरी ने बताया कि सभी थानाधिकारियों को अवैध कार्यो शराब तस्करी, अवैध हथियार, जुआ-सट्टा इत्यादि की रोकथाम हेतू दिशा-निर्देश दिए गए है, निर्देशों की पालना में राजेश चोधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बारां के मार्गदर्शन तथा जय प्रकाश अटल वृत्ताधिकारी वृत छबड़ा के सुपरविजन में विजय सिंह उ.नि. थानाधिकारी थाना छीपाबडोद की टीम द्वारा कस्बा छीपाबडोद से खलील मोहम्मद बालचन्द उर्फ बालचन्दो चोथमल पुत्र किशन जाति लौधा उम्र निवासी गांगटी,हीरालाल , हंसराज, अब्दुल रजाक, जमनालाल लोधा, श्रीलाल भील मियाडा, देवलाल सेतकोलू, विजय सिंह, शेरू पुत्र बब्बू जाति मुसलमान निवासी सत्ती मौहल्ला मौहल्ला छीपाबडौद जिला बारां को डिटेन किया जाकर मुल्जिमानों के कब्जे से जुंआ राशि 52365 रुपये मय जुआ उपकरण के जब्त कर मुल्जिमानों को गिरफ्तार किया गया। मुलजिमानो के विरुद्ध थाना छीपाबडोद पर आरपीजीओं एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एव अग्रिम कार्यवाही जारी है।**

# नीतिवान जीव परमात्मा को एवं अनीतिवान जीव नरक को प्राप्त होता है : मुनिश्री आदित्य सागर

**बून्दी** (निसं)। शहर के नैनवा रोड स्थित शीतल नाथ जैन मंदिर में प्रवास कर रहे मुनि 108 श्री आदित्य सागर जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि नीतिवान जीव परमात्मा को एवं अनीतिवान जीव नरक को प्राप्त होता है।

भगवान श्री राम का उदाहरण देते हुए मुनि श्री ने कहा कि पुण्य आत्माओं का अहित करने की नहीं सोचना अन्यथा आपका नाश निश्चित है क्योंकि पुण्य आत्माओं के साथ ईश्वर का निवास होता है तथा उनका पुण्य प्रबल होता है।

उदाहरण देते हुए मुनिश्री ने कहा कि हम एक बर्फ के गोले के समान है जो क्रिस्टल है उसे गुणवान एवं नीतिमान बनाने के लिए उसे गुरु रूपी फालूदा एवं चाशनी की जरूरत है जब गुरु उसे बर्फ में अपने ज्ञान को मिलेगा तब वह एक मीठी आइसक्रीम परिवर्तित हो जाएगी तथा गुरु का ज्ञान ही उस मनुष्य का कल्याण कर जाएगा।

मुनि श्री के द्वारा अन्य के दृष्टांत पेश किया और बताया कि अगर आप धर्म और नीति से चलेंगे तो आपकी उन्नित निश्चित है अन्यथा आपका पुण्य खत्म होते ही आपके बुरे दिन की शुरुआत हो जाएगी। साथ ही इस दौरान मुनिश्री ने वाणी पर संयम रखने का उपदेश दिया।

द्वितीय दिवस शांति धारा के साथ हुई शुरुआत

आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य व ओजस्वी वक्ता मुनि 108 श्री आदित्य सागर जी महाराज के द्वितीय दिवस प्रवास पर मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत शांति धारा के साथ हुई। इस मौके पर शांतिधारा के पुण्यार्जक बिरधी लाल, सुनील, जितेंद्र, संजय कुमार जैन एडवोकेट, प्रियांशु जैन, मनीषा जैन, प्रेम देवी जैन रहे।

भव्य पंडाल में चित्र अनावरण का पुण्य सकल जैन समाज बूंदी के संरक्षक त्रिलोक चंद जैन, ओम प्रकाश जैन, अध्यक्ष संजय जैन एडवोकेट, मंत्री महावीर धनोप्या को मिला। इस दौरान मुनि श्री को विनोद जैन ख्यावद वालों ने शास्त्र भेंट किया तथा मुनिश्री के पाद प्रक्षालन रमेश, प्रियांशु श्रीमाल ने किए।

**चातुर्मास के लिए किया श्रीफल भेंटः-** मुनि श्री को नैनवा रोड बूंदी एवं अग्रवाल जैन समाज केकडी की ओर से वर्ष 2024 के चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट किया गया। बिरधी लाल धनोपिया अध्यक्ष नैनवा रोड बूंदी, टीकम जैन, महावीर, कपूर चंद, विनोद, रोहित आदि ने श्रीफल भेंट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन संजय जैन एडवोकेट ने किया।

# वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**रामगंजमंडी** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय पंचमुखी मार्ग श्रीरामगंजमंडी में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।प्रधानाचार्य बलवीर सिंह सोनगरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगोपाल गुप्ता व्यवसायी मारुति टाइल्स एवं विशिष्ट अतिथि घनश्याम मालव प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवनारायण धाकड़ सेवानिवृत्त चिकित्सा विभाग ने की।कार्यक्रम में प्रेरक पाथेय विमल कुमार जैन मंत्री विद्या भारती शिक्षण संस्थान कोटा ने प्रदान किया।कार्यक्रम में भैया बहनों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अनुसूया शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के भैया बहनों को विष्णु प्रसाद त्रिवेदी समाज सेवी द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। सर्वाधिक व्यक्तिगत सेवा निधि समर्पण राशि एकत्रित करने वाले भैया बहनों को भी पुरस्कार दिया गया साथ ही संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ भैया बहनों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का आभार विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रूपचंद जैन ने किया।

## कलश यात्रा में गंगाजी के जयकारे गूंजे

**कोटा,** (निसं)। मां दुर्गा नवयुवक मंडल द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानामृत सप्ताह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में व्यास पीठ से आचार्य चंद्रशेखर शर्मा अपनी अलौकिक भावमयी वाणी से कथा का श्रवण कराएंगे। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अजय भान सिंह शक्तावत ने बताया कि महोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को भव्य कलश यात्रा श्री गणेश मंदिर खंडगांवडी से प्रारंभ हुई और विभिन्न मार्गों से होते हुए मां दुर्गा नवयुवक मंडल अम्बेडकर पार्क दोस्तपुरा पहुंची।कलशयात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चले रही थी, बैंड-बाजों पर भगवान के गीतों के बीच भीषण गर्मी में भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। आयोजक ने सिर पर भागवतजी को धारण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत द्वार लगाकर भव्य स्वागत किया गया। आचार्य पंडित चंद्रशेखर शर्मा द्वारा होगा कथा का वाचन 12 में से 18 मई तक किया जाएगा। आयोजन बृजमोहन नामा एवं श्याम नामा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानव कल्याण समिति कोटा ने बताया कि भागवत कथा महात्म्य एवं नारद चरित्र का प्रसंग के साथ ही भागवत कथा का प्रारंभ हुआ।

# छबड़ा : अस्पताल में मरीजों की भरमार, एक बेड पर दो मरीजों का उपचार

**छबड़ा** (निसं)। वर्षो पहले बना यहां का सीएचसी सुविधाओं से जूझ रहा हैं। इन दिनों अस्पताल की यह स्थिति है कि मौसमी बीमारियों से ग्रसित भर्ती मरीजों को ड्रिप चढ़ाने के लिए बैड तक नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को ड्रिप चढ़ाने के लिए बैड खाली नहीं होने के कारण अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड रहा है या फिर एक ही बेड पर दो मरीजों को ड्रिप चढ़ानी पड़ रही है। इससे दोनों ही मरीजों को भी परेशानी होती है।

इस अस्पताल में मरीजों के भर्ती होने के लिए कुल 100 बैड हैं, जबकि आबादी के हिसाब से यहां इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होने चाहिए। यहां का प्रतिदिन आउटडोर 800 से 1000 पार है और मौसमी बीमारियों के दौरान आउटडोर सहित भर्ती मरीजों का आंकडा भी बढ जाता है। ऐसे में मरीजों को ड्रिप चढाने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। उसी समय यदि को गंभीर मरीज या दुर्घटना में घायल के आने पर स्थिति और विकट हो जाती हैं। जिससे मरीजों को परेशानी होती है। यहां के जागरूक नागरिको द्वारा बढती जनसंख्या के आधार पर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने, बैडो की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही हैं। लेकिन अब तक इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड रहा है। इस सीएचसी में छब डा-छीपाबडौद सहित एमपी से सटे गांवो के मरीज उपचार के लिए आते हैं, लेकिन बेडो की कमी के कारण उन्हे परेशानी का सामना करना पड रहा हैं।



**छबड़ा सी.एच.सी. में बेडों की कमी के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है।**

**डिजिटल एक्स-रे मशीन का भी इंतजारः-** कोरोना काल से पहले विधायक प्रतापसिंह सिंघवी द्वारा अपने विधायक कोश से सीएचसी को दी गई डिजिटल एक्सरे मषीन खराब होने के कारण अभी तक नई डिजिटल एक्स-रे मषीन उपलब्ध नही होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं।

मजबूरन उन्हे निजी सेंटरो पर जाकर एक्स-रे जांच करवानी पड़ रही हैं। इन निजी केंद्रो पर सामान्य एक्सरे 100 से 300 व डिजिटल 300 से 450 रूपए में होता हैं। हालांकि यहां एक मषीन हैं। किंतु आपातकालीन स्थिति में पहुंचने वाले मरीजो को रिपोर्ट और एक्सरे के लिए लंबा इंतजार करना पड रहा हैं। क्योकि इस मशीन द्वारा एक्सरे की पूरी प्रक्रिया होने में लगभग 20 से 30 मिनट लगते हैं। इसकी वजह से उपचार में भी देर हो रही हैं। यहां सर्जरी विषेशज्ञ सहित अन्य चिकित्सको के पद लंबे अरसे से रिक्त होने के कारण संबंधित मरीजो को कोटा, बारां का रूख करने के लिए मजबूर होना पडता हैं।

सीएचसी प्रभारी डॉ. हरिओम गोयल ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हो गई हैं। जिसके चलते मरीजों की सुविधा को देखते हुए प्राथमिकता से उपचार किया जा रहा हैं। वार्डो की संख्या बढ़ाने व चिकित्सालय में अन्य सुविधाओं के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है।

